# सर्वप्रिय भारत

पाक्षिक समाचार पत्र

य संपादक : ऊषा शर्मा फरीदाबाद, शुक्रवार 16 से 30 नवम्बर 2018 मूल्य : 2 रूपये RNI NO. : HARHIN/2014/60344 P.R No. Faridabad/316/2018/20 Mob


## अग्रवाल कॉलेज ने प्राप्त किया पहला स्थान

**सर्वप्रिय भारत**

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ की यूथ रेडक्रॉस टीम ने 2017- 18 शैक्षिक सत्र में बेहतर काम किया है। इसके लिए महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की तरफ से अग्रवाल कॉलेज को जीन हेनरी ट्रॉफी देकर सम्मानित किया है। यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान यूनिवर्सिटी के कुलपति बिजेंद्र कुमार पुनिया ने अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ कृष्णकांत गुप्ता को यह ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डॉ कृष्णकांत गुप्ता ने बताया कि अग्रवाल कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस की तीन इकाइयां चलती हैं। तीनों इकाइयों के स्वयं सेवक समाज में जागरूकता लाने व समाज सेवा से संबंधित गतिविधियों को नियमित रुप से करते रहते हैं। इसके साथ स्वास्थ्य जांच कैंप व रक्तदान शिविरों का भी आयोजन किया गया। वहीं विश्व पर्यावरण दिवस, पृथ्वी दिवस, जल संरक्षण दिवस, रेडक्रॉस दिवस, सड़क सुरक्षा दिवस व अन्य महत्वपूर्ण दिवसों के मौके पर यूथ रेडक्रॉस टीम ने बेहतर काम किए हैं। इसके लिए यूनिवर्सिटी की तरफ से कॉलेज को बेस्ट यूथ रेडक्रॉस का पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। सम्मान समारोह में कॉलेज की तीनों रेडक्रॉस इकाईयों के संयोजक डॉ जयपाल सिंह, डॉ विनोद राठी, लवकेश के साथ रेडक्रॉस के स्वयंसेवक मौजूद थे।